कोटद्वार, बुधवार
27 मार्च 2024
वर्ष: 45
अंक: 321 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

आठ अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगा घर पर वोट के जरिए मतदान

देहरादून। उत्तराखंड में यूं तो मतदान 19 अप्रैल को सम्पन्न होना है, लेकिन घर पर वोट के जरिए मतदान आठ अप्रैल से ही प्रारंभ हो जाएगा। इस बार कुल 15690 मतदाताओं ने घर पर वोट देने के लिए आवेदन किया है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय जोगदंडे ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने इस बार 85 साल से अधिक उम्र वाले और दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं को घर पर मतदान का मौका दिया है। इसी क्रम में सीनियर सिटिजन श्रेणी में 65177 मतदाताओं में से 10390 और दिव्यांग श्रेणी के 30170 मतदाताओं में से 5576 ने घर पर मतदान के लिए आवेदन किया है। इसके लिए आवेदन की अंतिम समय सीमा 25 मार्च को समाप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस श्रेणी के मतदाताओं से दो चरणों में घर पर जाकर पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जाएगा। पहला चरण आठ से 10 अप्रैल और दूसरा चरण 10 से 12 अप्रैल के बीच होगा। यदि कोई मतदाता इस दौरान घर पर उपलब्ध नहीं हुआ तो फिर उन्हें तीसरा मौका नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग ने इस श्रेणी के वोटर के लिए सक्षम एप भी जारी किया है, जिसमें मतदाता अपने बूथ पर मतदान के लिए डोली, व्हील चेयर, सहायक की मदद मांग सकते हैं।

इसी क्रम में अब तक 1524 ने व्हील चेयर, 994 ने डोली और 5910 ने सहायक के लिए आवेदन किया है। साथ ही नेत्रहीन श्रेणी के मतदाताओं के लिए ब्रेल लिपि में भी बैलेट पेपर प्रकाशित किए जा रहे हैं। जोगदंडे ने बताया कि इस बार सरकार ने मतदान ड्यूटी के लिए उत्तराखंड आने वाले अन्य राज्यों के कार्मिकों को भी आयुष्कान के तहत कैशलेस इलाज देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि अब तक सी विजिल एप पर 9318 शिकायत दर्ज की जा चुकी ळे, जिसमें से 8930 का निस्तारण किया जा चुका है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तोड़ी चुप्पी

कहा– 'कांग्रेस नहीं चाहती, गरीबों को मिले पेंशन'नई दिल्ली। वर्ष 2015 में शुरू की गई अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश के हमले के जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती है कि गरीबों को पेंशन मिले। कांग्रेस गरीबों को अपने ऊपर आश्रित रखना चाहती है ताकि वंशवाद की राजनीति चलती रहे। रमेश ने एक्स हैंडल पर एपीवाई को लचर तरीके से डिजाइन की गई स्कीम बताया।

बैंक कर्मी कर रहे अपना कोटा पूरा

उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि इस स्कीम से जुड़े एक तिहाई लोगों से उनसे सही तरीके सहमति नहीं ली गई और बैंक कर्मचारियों ने अपना कोटा पूरा करने के लिए उन्हें इस स्कीम से जोड़ दिया। रमेश ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा इस स्कीम से जुड़े 83 प्रतिशत लाभार्थियों ने पेंशन के सबसे न्यूनतम स्लैब 1000 रुपए प्रतिमाह को चुना है।

कांग्रेस को वंशवाद की चिंता

सीतारमण ने रमेश के इन आरोपों के जवाब में एक्स पर कहा कि एपीवाई स्कीम गरीबों को ध्यान में रखकर भारत सरकार की सब्सिडी से चलाई जा रही है। सरकार यह सब्सिडी पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) को देती है ताकि पेंशनर्स के रिटर्न की कमी को पूरा किया जा सके। ऐसे में अगर पेंशन के अधिकतम स्लैब (5000 रुपए प्रतिमाह) में अधिक लोग होते तब यह आश्चर्य की बात होती।

राजभवन में हुआ होली के अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन

देहरादून। सोमवार को राजभवन में होली के अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों तथा अधिकारियों ने भागीदारी कर राज्यपाल को होली की बधाई दी।

गढ़वाल लोकसभा सीट के लिए सात प्रत्याशियों ने कराया नामाकंन

गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी नामाकंन करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गढ़वाल लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को 07 प्रत्याशियों द्वारा नामाकंन पत्र दाखिल किया गया। 20 मार्च से अब तक कुल 08 प्रत्याशियों द्वारा नामाकंन किया गया है। 27 मार्च (बुधवार) को नामाकंन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि है।

गढ़वाल लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु मंगलवार को को बीजेपी से अनिल बलूनी, अर्जुन सिंह निर्दलीय, सोनू कुमार निर्दलीय, विनोद कुमार आर्य उत्तराखंड समानता पार्टी, रेशमा एस.यू.सी.आई. (कम्युनिस्ट), डॉ. मुकेश चंद्र पंत सैनिक समाज पार्टी तथा आशुतोष नेगी यू.के.डी से नामाकंन पत्र दाखिल किया गया।

रिटर्निंग अधिकारी/जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि अभी तक 08 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

कहा कि 27 मार्च को नामाकंन की अंतिम तिथि तथा 28 मार्च को नामाकंन पत्रों की जांच होगी। जबकि 30 मार्च को नाम वापसी होगी।

गढ़वाल लोकसभा सीट से यू.के.डी प्रत्याशी आशुतोष नेगी नामाकंन करते हुए।

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की सातवीं लिस्ट जारी

नई दिल्ली। लोकसभा की 543 सीट के लिए 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरण में चुनाव होना है। इस बीच सभी पार्टी अपने उम्मीदवारों का एलान कर रही हैं। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सातवीं सूची जारी कर दी है। इसमें छत्तीसगढ़ के लिए चार और तमिलनाडु के लिए एक उम्मीदवार का एलान किया गया है।

सातवीं सूची में छत्तीसगढ़ की सुरुजा सीट से शशि सिंह हैं तो रायगढ़ से मेनका देवी सिंह मैदान में हैं। इसके अलावा, बिलासपुर से देवेन्द्र सिंह यादव तो कंकेर से बिरेश ठाकुर को चुनाव का टिकट दिया गया है। वहीं, छत्तीसगढ़ के अलावा तमिलनाडु की माईलदूतहुरानी लोकसभा सीट से एडवोकेट आर. सुधा को टिकट दिया गया है। इससे पहले बीते दिन होली के त्योहार पर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की छठी सूची जारी की थी।

19 अप्रैल से शुरू होगा 543 सीट के लिए मतदान

लोकसभा चुनाव 2024 इस बार 19 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। लोकसभा की 543 सीट के लिए 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरण में चुनाव होना है। मतगणना चार जून को होगी।

अदालतें लोगों को राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने से नहीं रोक सकतीं: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति पर उड़ीसा उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई जमानत की शर्त को खारिज कर दिया है। जिसमें कहा गया था कि वह किसी भी राजनीतिक गतिविधि में शामिल नहीं होगा। रउ ने कहा कि यह उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के 18 जनवरी के आदेश के खिलाफ बरहामपुर नगर निगम के पूर्व मेयर सिबा शंकर दास द्वारा दायर याचिका पर आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने जमानत की शर्त वापस लेने की उनकी अर्जी खारिज कर दी थी जिसमें कहा गया था कि वह सार्वजनिक रूप से कोई अप्रिय स्थिति पैदा नहीं करेंगे और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी राजनीतिक गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। उच्च न्यायालय ने अगस्त 2022 में उन्हें जमानत पर रिहा करने का आदेश देते हुए यह शर्त लगाई थी। शीर्ष अदालत ने अपने 22 मार्च के आदेश में कहा, हमने पाया है कि ऐसी शर्त लगाने से अपीलकर्ता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा और ऐसी कोई शर्त नहीं लगाई जा सकती है। इसमें कहा गया है, इसलिए, हम उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई शर्त को उस सीमा तक रद्द और खारिज करते हैं, जैसा कि ऊपर बताया गया है।

दास ने जमानत पर रिहाई का निर्देश देते हुए 11 अगस्त, 2022 के आदेश में लगाई गई शर्त में संशोधन की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उनके वकील ने उच्च न्यायालय को बताया था कि अपीलकर्ता को एक राजनीतिक व्यक्ति होने के नाते आगामी आम चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति दी जा सकती है।

राज्य ने उनकी प्रार्थना पर आपत्ति जताई थी और कहा था कि जमानत पर रिहा होने के बाद उन पर जानलेवा हमला किया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा था, दोनों पक्षों को सुनने और वर्तमान स्थिति पर विचार करने के बाद, क्योंकि यह एक तथ्य है कि वह न केवल अन्य मामलों में शामिल था, बल्कि उस पर जानलेवा प्रयास भी किया गया था, जमानत की शर्तों को संशोधित करना अनुचित होगा। अपीलकर्ता को राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए कहा गया है जो अपीलकर्ता से जुड़े इलाके में कानून और व्यवस्था की स्थिति को और खराब करेगा।

एक नजर

खाई में गिरा ट्रेक्टर, दो मजदूरों की मौत

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : डुमैला तल्ला-भरोली नव निर्माण सड़क पर काम कर रहा ट्रेक्टर गत सोमवार दोपहर को सौ मीटर खाई में गिर गया। दुर्घटना में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई।

ग्रामीणों की सूचना पर बीरोंखाल चौकी पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिवार को सौंप दिए। बीरोंखाल चौकी प्रभारी अमित भट्ट ने बताया कि होली के दिन डुमैला तल्ला-भरोली सड़क पर काम कर रहे ट्रेक्टर सड़क से नीचे गिर गया। इस हादसे में जंगबहादुर पुत्र दलबहादुर 37 वर्ष निवासी नेपाल, बीरू पुत्र नील बहादुर 35 वर्ष निवाासी नेपाल की मौके पर ही मौत हो गई।

बॉबी पंवार के लिए छोड़ी टिहरी सीट

देहरादून। टिहरी लोकसभा सीट पर निर्दलीय मैदान में उतरे उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार को उत्तराखंड समानता पार्टी ने भी अपना समर्थन दे दिया है। इस सीट दावेदारी कर रहे पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बलबीर सिंह भंडारी अब हरिद्वार से नामांकन करेंगे। उत्तराचंल प्रेस क्लब में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में उत्तराखंड समानता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बलवीर सिंह भंडारी ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि वो टिहरी लोकसभा के लिए दावेदारी कर रहे थे। लेकिन पार्टी ने निर्णय लिया कि वो इस सीट पर बॉबी पंवार को समर्थन करेगी। लिहाजा, उन्होंने टिहरी सीट को छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि बॉबी पंवार क्षेत्रीय शक्तियों की मदद से जीत का परचम लहराएंगे। बॉबी पंवार के प्रतिनिधि के रूप में सुशील कैंतुरा और सुरेश सिंह ने उत्तराखंड समानता पार्टी के अध्यक्ष वीके बहुगुणा से समर्थन पत्र प्राप्त किया।

बसपा ने उत्तराखंड की पांच सीटों के लिए घोषित किए उम्मीदवार

देहरादून। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी ने प्रत्याशियों का एलान कर दिया है। पांच सीटों पर बसपा ने अपने उम्मीदारों का एलान कर दिया। हरिद्वार से जमील अहमद को टिकट दिया गया है।

टिहरी गढ़वाल से नीम चंद छुरियाल, पौढ़ी गढ़वाल से धीर सिंह बिष्ट, अल्मोड़ा से नारायण दास, नैनीताल–उधम सिंह नगर सीट से अख्तर अली माहीगिर और हरिद्वार से जमील अहमद को टिकट दिया गया है।

अकेले चुनाव लड़ने का किया था ऐलान

गौरतलब है कि बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का एलान किया था। बसपा प्रमुख मायावती ने किसी भी दल के साथ गठबंधन से इंकार कर दिया था। इसी के तहत अब उत्तराखंड की पांचों सीटों के लिए बसपा ने अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।

दिल्ली में नकली सिक्के बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

दिल्ली , शाहदरा इलाके में नकली भारतीय सिक्के बनाए जा रहे थे। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नकली सिक्के बनाने वाली फैक्टरी का पर्दाफाश कर पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर दो आरोपियों आकाश पुत्र रवि कुमार (27) व सर्वेश यादव पुत्र शिव (24) को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 1.70 लाख रुपये के मूल्य के नकली सिक्के बरामद किए गए हैं। आरोपी 20 लाख रुपये के नकली सिक्के बाजार में सप्लाई कर चुके हैं। अयोध्या राम मंदिर के नकली सिक्के बनाने के लिए दो रंगों का इस्तेमाल किया जाता था। स्पेशल सेल पुलिस उपायुक्त मनोज सी के अनुसार इंस्पेक्टर चंद्रिका प्रसाद को पिछले कुछ दिनों से दिल्ली–एनसीआर में नकली भारतीय मुद्रा सिक्कों के प्रचलन में लिप्त अंतरराज्यीय गिरोह के बारे में जानकारी मिल रही थी। इसके बाद इंस्पेक्टर चंद्रिका प्रसाद को 23 मार्च एक मुखबिर के माध्यम से नकली भारतीय मुद्रा सिक्कों की ढलाई और आपूर्ति में लिप्त कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों के बारे में विशेष जानकारी मिली।

देहरादून—लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू

देहरादून। दून–लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन मंगलवार से विधिवत शुरू हो गया है। सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलने वाली यह ट्रेन महज आठ घंटे 20 मिनट में देहरादून और लखनऊ के बीच का सफर तय करेगी। जबकि अन्य ट्रेन यह दूरी तय करने में 11 से 12 घंटे का समय लेती हैं।वंदे भारत में देहरादून से लखनऊ तक चेयरकार का किराया 1,480 रुपये है, जिसमें खानपान के 323 रुपये भी शामिल हैं। वहीं, एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 2,715 रुपये है, जिसमें 384 रुपये खानपान के हैं। स्थिति यह है कि संचालन के पहले ही दिन यात्रियों से पैक रही और ट्रेन में वेटिंग लिस्ट आ गई। इस ट्रेन में 31 मार्च तक सीटें फुल हो गई हैं।

शेड्यूल हुआ जारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मार्च को देहरादून–लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का वर्चुअली शुभारंभ किया था। हालांकि, इसके संचालन और किराये का शेड्यूल रेलवे की ओर से एक सप्ताह बाद जारी किया गया। देहरादून और लखनऊ के बीच एक ही दिन में दोनों तरफ की यात्रा करने वाली यह पहली ट्रेन है। केंद्र सरकार ने देहरादून और लखनऊ के बीच रेल यात्रा को सुगम बनाने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन का निर्णय लिया है। इससे पूर्व पिछले वर्ष देहरादून से नई दिल्ली आनंद विहार के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू हुआ था।

ये है समय सारिणी

यह ट्रेन लखनऊ से सुबह 5:15 बजे चलेगी और दोपहर 1:35 बजे देहरादून पहुंचेगी। देहरादून से यह ट्रेन 2:25 बजे चलकर रात 10:40 बजे लखनऊ पहुंचेगी। देहरादून से चलने के बाद यह ट्रेन सीधे हरिद्वार रुकेगी। देहरादून और लखनऊ के बीच में केवल पांच स्टेशन हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर और आलमनगर में रुकेगी। देहरादून से लंबे समय से लखनऊ या पूर्वांचल के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की मांग की जा रही थी। ट्रेन के संचालन से पूर्वांचल जाने वाले यात्रियों को खासी राहत मिली है।

वॉल्वो बस से कम है किराया

देहरादून–लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का किराया परिवहन निगम की सुपर डीलक्स वॉल्वो बस से भी कम है। दून–लखनऊ के बीच पहले उत्तर प्रदेश परिवहन निगम व उत्तराखंड परिवहन निगम की दो वोल्वो बसों का संचालन होता था, लेकिन कोविड के बाद उत्तराखंड ने अपनी वॉल्वो बस बंद कर दी। अब उत्तराखंड की केवल दो साधारण बस लखनऊ के लिए जाती हैं। इनमें एक सीधे लखनऊ जबकि दूसरी लखनऊ होते हुए अयोध्या तक जाती है।

नेताओं का प्रचार आसान बना रहा सोशल मीडिया, उत्तराखंड लोकसभा चुनाव 2024 में यह बना प्लान

अल्मोड़ा। उत्तराखंड लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं तक पहुंचने के लिए राजनैतिक दलों ने अब सोशल मीडिया का सहारा लेना शुरू कर दिया है। इसके लिए पार्टियों के चुनाव कार्यालयों को इंटरनेट और वाईफाई से लैस किया गया है। यहां बैठकर कार्यकर्ता मतदाताओं से संपर्क साधने में जुट गए हैं। इससे पार्टियों का समय और धन दोनों की बचत हो रही है। आचार संहित लागू होने के बाद से राजनैतिक दल चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। प्रत्याशी डोर–टू–डोर जाकर लोगों को अपने पक्ष में करने में जुट गए हैं, लेकिन चार जिलों से बनी संसदीय सीट की भौगोलिक विषम परिस्थिति चुनाव प्रचार के आड़े आ रही है। कम समय में अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचा जा सके इसके लिए अब पार्टियों ने सोशल मीडिया का सहारा लेना शुरू कर दिया है। पार्टियों की ओर से चुनाव कार्यालयों को हाईटेक बनाया जा रहा है। कार्यालयों में इंटरनेट व्यवस्था के लिए वाईफाई लगाए जा रहे हैं। ताकि, कार्यकर्ता कार्यालय में ही बैठकर मतदाताओं से संवाद स्थापित कर सकें।

बाकायदा कार्यकर्ताओं की ओर से संपर्क साधे गए मतदाताओं की क्षेत्र के साथ नाम की सूची भी बनाई जा रही है, जिससे हर बार नए मतदाता से संपर्क साधा जा सके। इस योजना से एक ओर जहां कम समय में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा जा सकेगा वहीं, मतदाताओं को अपने पक्ष में कर जीत का रास्ता बनाया जा सकेगा।

कम समय में अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचा जा सके इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। चुनाव कार्यालय को इंटरनेट से लैस किया गया है। कार्यालय से ही प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने का प्रयास है। – कैलाश गुरुरानी, भाजपा चुनाव कार्यालय प्रभारी।

वर्तमान दौर सोशल मीडिया का है। संसदीय सीट की भौगोलिक परिस्थिति अलग है।

बीआरएस नेता के. कविता की गईं तिहाड़ जेल शिफ्ट

दिल्ली , आबकारी नीति मामले में अदालत द्वारा न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद बीआरएस नेता के कविता को तिहाड़ जेल भेजा गया है। के, कविता को नौ अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। बता दें कि के. कविता को ईडी ने 15 मार्च को हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद ईडी की टीम के कविता को हैदराबाद से दिल्ली लेकर आई, जहां उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था।

ईडी का दावा है कि के. कविता ने आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ मिलकर कथित तौर पर साजिश रची। जिसके तहत दिल्ली शराब नीति में फायदा पाने के लिए आप नेताओं को करीब 100 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। के. कविता को कथित दक्षिण लॉबी का हिस्सा बताया जा रहा है।

राम मंदिर सुरक्षा में तैनात जवान को लगी गोली

अयोध्या, राम मंदिर में तैनात प्लाटून कमांडर खुद की एके–47 से गोली चलने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें श्रीराम अस्पताल लाया गया, जहां से मेडिकल कॉलेज लखनऊरेफर कर दिया गया। श्रीराम मंदिर परिसर में तैनात प्लाटून कमांडर खुद की एके–47 से गोली चलने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें श्रीराम अस्पताल लाया गया, जहां से मेडिकल कॉलेज लखनऊरेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन के बाद गंभीरावस्था में उन्हें लखनऊरेफर कर दिया गया। हादसा मंगलवार की शाम लगभग 05:45 बजे परिसर में स्थित चौकी में हुआ है। मूलरूप से अमेठी जिले के रहने वाले रामप्रसाद (53) पीएसी की 32वीं बटालियन के प्लाटून कमांडर के पद पर इन दिनों श्रीराम मंदिर परिसर की सुरक्षा में तैनात हैं। मंगलवार की शाम लगभग 05:45 बजे वह अन्य जवानों के साथ परिसर में स्थापित चौकी पर सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभाले थे कि इस बीच अचानक असलहा साफ करते समय उनके ही एके–47 से अचानक गोली चल गई। गोली सीधे उनके बायीं तरफ सीने में लगी और आरपार हो गई। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल होकर वह वहीं गिर पड़े। साथ में तैनात अन्य जवानों ने उच्चाधिकारियों को सूचित करके उन्हें राजकीय श्रीराम अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर लगभग 6:46 बजे उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां जनरल सर्जन डॉ. एसपी बंसल ने ऑपरेशन करके उन्हें लखनऊरेफर कर दिया।

संपादकीय

2024 चुनाव का महासमर

लोकसभा चुनाव 2024 चुनाव के महासमर में कांग्रेस उत्तराखंड की पांचो सीटों पर अपना दम दिखाने के लिए तैयार है। हालांकि अभी तक की शुरूआती रुझान यह बताते हैं कि पांचो ही सीटों पर कांग्रेस को काफी मेहनत करनी होगी खास तौर से जब तक कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत नहीं बनाएगी तब तक जीत के पायदान तक पहुंचने में काफी प्रयत्न करना होगा। उत्तराखंड में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और प्रदेश में सक्रिय दोनों राष्ट्रीय दल भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस ने दलबल के साथ शक्ति प्रदर्शन को आधार बनाते हुए अपनी ताकत दिखाने का प्रयास किया है। जहां एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के नामांकन प्रक्रिया में दिग्गजों की भरमार है तो वही कांग्रेस के जुलूस में राष्ट्रीय नेता नदारद हैं और प्रत्याशी स्थानीय नेताओं के साथ नामांकन जुलूस में नजर आ रहे हैं। कहीं ना कहीं कांग्रेस में अभी भी संगठन के अंदर एकता का अभाव नजर आ रहा है। पार्टी के दिग्गज नेताओं को इस संबंध में जल्द से जल्द आपसी समन्वय एवं असंतुष्टता को दूर करते हुए चुनावी मैनेजमेंट में उतरना होगा। अन्यथा भाजपा के विजय अभियान को तोड़ना मुश्किल हो सकता है। कांग्रेस के नामांकन से पूर्व कांग्रेस भवन में जिस प्रकार से आपस में ही गुटबाजी और नारेबाजी देखने को मिली वह आने वाले चुनाव में एकता,सफलता और संघर्ष के लिए शुभ संकेत नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर कांग्रेस किन मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी से कुछ सीटें जीतने का प्रयास करेगी, टेहरी संसदीय सीट की ही बात करें तो यहां कांग्रेस के उम्मीदवार जोत सिंह गुनसोला ने मुख्य तौर पर विकास एवं स्थानीय मुद्दों को वर्तमान सांसद द्वारा नजर। अंदाज करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस उम्मीदवार टिहरी में इस बार परिवर्तन को मुख्य आधार मान रहे हैं। हालांकि जनता परिवर्तन को कितना समर्थन देती है यह तो बाद में ही पता चलेगा लेकिन फिलहाल तो कांग्रेस को भाजपा के इस गढ़ में कमर तोड़ मेहनत की जरूरत है। भले ही टिहरी संसदीय क्षेत्र के लोग वर्तमान सांसद के कार्यकाल से संतुष्ट न हो लेकिन बावजूद इसके मोदी के चेहरे पर इस बार भी भाजपा को लाभ पहुंच सकता है। 2014 एवम इसके बाद के चुनावों में टिहरी की राजशाही से अधिक मोदी के चेहरे पर वोट पड़े हैं और भाजपा के बड़े नेता भी इस सत्यता से अब इंकार नहीं करते। कांग्रेस के लिए उत्तराखंड की पांचो सीटों पर उम्मीदवार बनाए गए भाजपा नेता नहीं बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे बड़ी चुनौती हैं। कांग्रेस का आरोप है कि टिहरी क्षेत्र में पिछले 10 सालों में कोई नया विकास नहीं हुआ, जिसका परिणाम चुनाव में देखने को मिलेगा। मुद्दों के नाम पर कांग्रेस ने महंगाई बेरोजगारी परीक्षाओं में नकल, कानून व्यवस्था व अंकिता प्रकरण को प्रमुखता से शामिल किया है, लेकिन कांग्रेस के आगे सबसे बड़ी समस्या अपने संगठन के अंदर चल रही गुटबाजी एवं आपसी खींचातानी है,उस पर कांग्रेस के कुछ पुराने नेताओं का पार्टी छोड़कर जाना भी कांग्रेस के लिए अच्छे संकेत नहीं है। नामांकन रैली से पहले कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष करण महारा के खिलाफ हुई नारेबाजी ने संगठन में चल रही तनातनी को भी उजागर कर दिया। उत्तराखंड में मतदान होने में अब एक महीने से भी कम का समय है और ऐसे वक्त में आपसी खींचतान और मतभेद के चलते कांग्रेस कैसे अपने विजय लक्ष्य को हासिल करेगी इस पर केंद्र एवं उत्तराखंड संगठन में बैठे अग्रणी पंक्ति के नेताओं को गंभीरता से मंथन करते हुवे समाधान निकालना होगा, अन्यथा यह चुनाव भी कांग्रेस के लिए भाजपा को वॉकओवर देने जैसे ही साबित होंगे।

यदि ट्रंप जीते तो गाजा की स्थिति क्या होगी

जोश रोजिन

पूरी दुनिया में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि अगर डॉनल्ड ट्रंप को दूसरा कार्यकाल मिल जाता है तो उनकी विदेश नीति कैसी होगी, खासकर इजरायल–फिलीस्तीन को लेकर। पूर्व राष्ट्रपति के निकटवर्ती सलाहकारों और पारिवारिक सदस्यों के कुछ उद्गार इसके संकेत देते हैं। पूर्व राष्ट्रपति के दामाद और मध्य पूर्व मामलों में उनके सलाहकार रहे जेरेड कुशनर की इजरायल–गाजा संघर्ष पर हालिया टिप्पणियों से काफी विवाद की स्थिति बन गई है। कुशनर ने संकेत दिए हैं कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल का मतलब उन इजरायलियों के प्रति अमरीकी समर्थन ज्यादा हो सकता है जो गाजा से फिलीस्तीनियों को निकालना चाहते हैं और क्षेत्र को खुद के लिए फिर से आबाद करना चाहते हैं। गाजा में इजरायल के युद्ध के बारे में ट्रंप ने अपनी कुछ विशेष योजना बना रखी है। उनके अनुसार ट्रंप चाहते हैं कि ह्यइजरायल उसे पराजित करे और वह भी जल्द। उन्होंने उन डेमोक्रेट्स और यहूदियों की भी आलोचना की है जो सहजता से इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का समर्थन नहीं करते हैं। कुशनर ने कहा है कि डॉनल्ड के दूसरे कार्यकाल में वह ट्रंप प्रशासन के लिए काम नहीं करेंगे। इसके बावजूद उनकी टिप्पणियों को नजरअंदाज करना असम्भव है।

ट्रंप के दामाद कुशनर का हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में पिछले 15 फरवरी को दिए एक इंटरव्यू का वीडियो हाल में सामने आया है। इसमें कुशनर ने इजरायल–गाजा संकट के बारे में अपने विचारों में कई चौंकाने वाली बातें कही हैं। उन्होंने कहा है–ह्यगाजा की तटवर्ती सम्पत्ति काफी मूल्यवान हो सकती है।ह्न उन्होंने अफसोस जताते हुए यह भी कहा कि फिलीस्तीनियों ने संसाधनों को आर्थिक विकास से दूर करते हुए हथियारों और सुरंगों की ओर मोड़ दिया है। वहां ऐसी स्थिति थोड़ी दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन इजरायल के दृष्टिकोण से, मैं फिलीस्तीनियों को गाजा से बाहर ले जाने और फिर इसे साफ करने की पूरी कोशिश करूंगा। इस तरह की भाषा की अरब मीडिया में कड़ी आलोचना हुई। इसे गाजा की भूमि को इजरायल को देने के आह्वान के रूप में देखा गया। कुशनर ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि उनके शब्दों को संदर्भ से बाहर देखा गया। उन्होंने पोस्ट किया कि उनका मतलब यह था कि कि गाजा के लोगों को केवल अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने मुझसे कहा–ह्यलोगों को स्थानांतरित करने के बारे में उनका आशय था कि, अगर इजरायल रफाह पर हमला करने जा रहा है, तो नागरिकों की सुरक्षा के लिए कुछ विकल्प हैं जिन पर उन्हें विचार करना चाहिए।' निष्पक्षता से देखा जाए तो हार्वर्ड में दिए अपने साक्षात्कार में उन्होंने पहले कहा था कि अगर वह इजरायल के प्रभारी होते तो वह इजरायल के नेगवे (दक्षिणी इजरायल में स्थित संपन्न कृषि क्षेत्र) रेगिस्तान के अंदर फिलीस्तीनियों को रहने के लिए ह्यएक सुरक्षित क्षेत्रह्न बनाते।

ट्रंप के दामाद कुशनर का हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में पिछले 15 फरवरी को दिए एक इंटरव्यू का वीडियो हाल में सामने आया है। इसमें कुशनर ने इजरायल–गाजा संकट के बारे में अपने विचारों में कई चौंकाने वाली बातें कही हैं। उन्होंने कहा है–ह्यगाजा की तटवर्ती सम्पत्ति काफी मूल्यवान हो सकती है।ह्न उन्होंने अफसोस जताते हुए यह भी कहा कि फिलीस्तीनियों ने संसाधनों को आर्थिक विकास से दूर करते हुए हथियारों और सुरंगों की ओर मोड़ दिया है। वहां ऐसी स्थिति थोड़ी दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन इजरायल के दृष्टिकोण से, मैं फिलीस्तीनियों को गाजा से बाहर ले जाने और फिर इसे साफ करने की पूरी कोशिश करूंगा। इस तरह की भाषा की अरब मीडिया में कड़ी आलोचना हुई। इसे गाजा की भूमि को इजरायल को देने के आह्वान के रूप में देखा गया। कुशनर ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि उनके शब्दों को संदर्भ से बाहर देखा गया। उन्होंने पोस्ट किया कि उनका मतलब यह था कि कि गाजा के लोगों को केवल अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने मुझसे कहा–ह्यलोगों को स्थानांतरित करने के बारे में उनका आशय था कि, अगर इजरायल रफाह पर हमला करने जा रहा है, तो नागरिकों की सुरक्षा के लिए कुछ विकल्प हैं जिन पर उन्हें विचार करना चाहिए।' निष्पक्षता से देखा जाए तो हार्वर्ड में दिए अपने साक्षात्कार में उन्होंने पहले कहा था कि अगर वह इजरायल के प्रभारी होते तो वह इजरायल के नेगवे (दक्षिणी इजरायल में स्थित संपन्न कृषि क्षेत्र) रेगिस्तान के अंदर फिलीस्तीनियों को रहने के लिए एक सुरक्षित क्षेत्र बनाते।



उनका साक्षात्कार लेने वाले और हार्वर्ड केनेडी स्कूल के मिडिल ईस्ट के इनीशिएटिव के फैकल्टी डायरेक्टर तारेक मसूद ने उनसे सवाल किया कि क्या वे इजरायल के लिए काम करेंगे। कुशनर ने कहा–ह्य मैं अभी अमरीका के मियामी बीच पर हूं। हालात पर नजर रख रहा हूं और सोच रहा हूं कि अगर मैं वहां होता तो क्या करता?ह्न लेकिन तभी मसूद ने ध्यान दिलाया कि फिलीस्तीनी इस डर से गाजा नहीं छोड़ना चाहते हैं कि नेतन्याहू उन्हें कभी वापस नहीं लौटने देंगे, कुशनर ने कहा कि हो सकता है कि वे कभी लौट पाने में समर्थ न हो पाएं। यदि आप फिलीस्तीन के निर्माण के बारे में सोचते हैं तो वास्तव में यह कोई ऐतिहासिक फैसला नहीं था। फिलीस्तीन युद्ध की देन है। ऐसे में क्या वे एक अन्य युद्ध चाहते हैं? आमतौर पर, जब युद्ध होते हैं, तो ऐतिहासिक रूप से वक्त के साथ सीमाएं भी बदल जाती हैं। यह दृष्टिकोण कि गाजा की सीमाएं बदली जा सकती हैं और फिलीस्तीनी अपने घरों में लौटने में सक्षम नहीं हो सकते हैं, प्रत्यक्षतः मौजूदा अमरीकी नीति के विपरीत है। अमरीका की मौजूदा नीति गाजा के लोगों को अपनी वर्तमान सीमाओं के तहत गाजा में रहने के अधिकार पर जोर देती है। इस दृष्टिकोण के पीछे मजबूत तर्क हैं। एक बात तो यह कि जबरन विस्थापन के कार्य में नरसंहार के आरोप लग सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका द्वारा इजरायल के खिलाफ लाए एक केस में इंटरनेशनल कोर्ट ने भी ऐसा ही स्पष्ट किया है।

कुशनर से जब बात की तो उन्होंने कहा कि वह सिर्फ ऐतिहासिक टिप्पणियां पर बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लगता है कि सीरिया, यमन और कई अन्य स्थानों की तुलना में गाजा मामले में अलग मानक लागू किए जा रहे हैं। अमरीका में नवम्बर में चुनाव होने हैं। कुशनर अकस्मात ही दुनिया को ट्रंप टीम के कामकाज के उस तरीके का भी स्मरण करा रहे हैं जो रिपब्लिकन पार्टी पर हावी होता जा रहा है– खासकर विदेश नीति के मामले में। यह सुनिश्चित करना अमरीका सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है और रणनीतिक हित भी कि गाजा में फिलीस्तीनी सुरक्षित तरीके से रह सकें। कुशनर के असावधानी से दिए बयान उस अराजकता और संवेदनहीनता का एक संभावित पूर्वावलोकन है जो ट्रंप प्रशासन के संभावित दूसरे कार्यकाल की विदेश नीति से जुड़े हो सकते हैं। और फिर चाहे कुशनर ट्रंप प्रशासन के हिस्सा हों या नहीं।

वैश्विक परिदृश्यः पुतिन की रिकार्ड जीत के मायने क्या हैं .....

जुलाई 2020 में जब रूस में संविधान संशोधन के प्रस्ताव पर वोटिंग हुई उस वक्त ही रूस की 78 फीसदी जनता ने इस बात को स्वीकार कर लिया था कि रूस की बेहतरी के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को साल 2036 तक पद पर बने रहना चाहिए। मौजूदा राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे रूसियों की इसी स्वीकारोक्ति की हामी भर रहे हैं। पुतिन इस बार रेकॉर्ड मतों से जीत कर आए हैं। उन्हें 88 फीसदी से ज्यादा वोट मिले है। अब वे 2036 तक राष्ट्रपति पद पर रह सकते हैं। लेकिन,हाल ही रूस में हुए आतंकी हमले ने राष्ट्रपति पुतिन की चुनौती बढ़ा दी है।

जीत के बाद अपने पहले संबोधन में पुतिन ने कहा कि अब रूस पहले से भी ज्यादा ताकतवर और प्रभावशाली बनेगा। रूस–नाटो विवाद पर पुतिन ने कहा कि अगर अमरीकी नेतृत्व वाला सैन्य संगठन नाटो और रूस आमने–सामने हुए तो दुनिया तीसरे विश्व युद्ध से बस एक कदम दूर होगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें नहीं लगता है कि ऐसा कुछ होगा। सवाल यह है कि इस रेकॉर्ड जीत को पुतिन किस तरह से लेगे। क्या वह ओर अधिक आक्रमक होंगे? ऐतिहासिक जीत से उत्साहित पुतिन कि प्रतिक्रिया के बाद यह सवाल और अधिक बड़ा हो जाता है कि अब यूक्रेन युद्ध किस दिशा में जाएगा। कहीं ऐसा तो नहीं कि यूक्रेन का भाग्य पुतिन की इस जीत पर पर ही टिका हो। पिछले ढाई दशक से रूस की सत्ता पर काबिज पुतिन के लिए यह चुनाव पिछले सभी चुनावों से अलग था। अर्थव्यवस्था और यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर विपक्ष लगातार उन पर हमलावर था, लेकिन पुतिन राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं। उन्होंने जिस चुतराई से अपने प्रतिद्वंद्वियों को शांत किया है, उससे साफ है कि 2036 तक उन्हें चुनौती देने वाला कोई नहीं है। हालांकि, पुतिन के अलावा कम्युनिस्ट पार्टी के निकोल खारितोनोव, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के लियोनिद स्लटस्की और न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव भी चुनाव मैदान थे। प्रसिद्ध विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी और बोरिस नादेजदीन प्रमुख चुनौती थे। चरमपंथी गतिविधियों और धोखाधड़ी के कथित आरोप में सजा काट रहे नवालनी की पिछले दिनों जेल में मृत्यु हो गई । दूसरे मुख्य प्रतिद्वंद्वी बोरिस नादेजदीन की दावेदारी को निवार्चन आयोग द्वारा खारिज कर दिया गया था। उन्होंने यूक्रेन युद्ध को लेकर पुतिन के खिलाफ बड़ा अभियान छेड़ रखा था।

साल 1952 में सेंट पीटसबर्ग में पैदा हुए व्लादिमीर पुतिन ने अपने ढाई दशक के कालखंड में रूस की एक ऐसी छवि गढ़ने में कामयाब हुए जिसमें रूस न केवल मजबूत हुआ है, बल्कि वैश्विक परिस्थितियों को मनचाहा रूप देने की हैसियत रखने लगा है। सीरियाई युद्ध में पुतिन ने जिस तरह से पश्चिमी शक्तियों का विरोध करते हुए राष्ट्रपति बशर अल असद का साथ दिया, इससे न केवल सीरिया में बल्कि पूरे मध्य पूर्व में रूस का प्रभाव बढ़ा। इन वर्षों में पुतिन ने चीन के साथ भी संबंध मजबूत बनाए। 2014 में पुतिन ने पड़ोसी देश क्रीमिया को रूस में मिलाकर पश्चिमी शक्तियों को बड़ा झटका दिया। अभी वे यूक्रेन युद्ध में उलझे हुए हैं। कुल मिलाकर कहें तो आज रूस एक हद तक अमरीकी नेतृत्व वाली दुनिया को सीधे चुनौती देने की स्थिति में आ गया है।

दिसंबर 1999 में बोरिस येल्तसिन के इस्तीफे के बाद पुतिन पहली बार राष्ट्रपति बने। 2008 और 2012 के बीच वे देश के प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले वे 2000 से 2008 तक दो बार राष्ट्रपति रह चुके हैं। संवैधानिक बाध्यता के चलते बाद में उन्होंने अपने नजदीकी मेदवेदेव को राष्ट्रपति पद सौंप दिया और खुद प्रधानमंत्री बन गए। इस बीच संविधान में संशोधन कर राष्ट्रपति का कार्यकाल चार साल से बढ़ाकर छह साल किया। 2012 में वे फिर राष्ट्रपति बने। 2018 के आम चुनाव में भी उनकी शानदार जीत हुई और वे चौथी बार रूस के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। संवैधानिक प्रावधानों के चलते 2024 के बाद पुतिन का राष्ट्रपति पद पर बने रहना मुश्किल था। लेकिन अब संविधान संशोधन की मदद से वह छह–छह साल के दो कार्यकाल (2036) तक रूस की सत्ता में रह सकते हैं।

लाख दावों के बावजूद देश में प्रदूषण पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा

संजीव मिश्रा

यह बात दीगर है कि प्रदूषण के चलते लोग जानलेवा बीमारियों के चंगुल में आकर मौत के मुंह में जा रहे हैं। दुनिया के विभिन्न देशों के साथ भारत में भी स्थिति खराब है। सरकार के लाख दावों के बावजूद देश में प्रदूषण पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। आइक्यू एयर की हालिया रिपोर्ट इस तथ्य को प्रमाणित करती है कि भारत दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में शुमार है और वह दुनिया में तीसरे पायदान पर है। देश की राजधानी दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। सबसे प्रदूषित देशों में पड़ोसी देश बांग्लादेश पहले और पाकिस्तान दूसरे पायदान पर है।

दरअसल बढ़ता प्रदूषण पर्यावरणीय चुनौतियों को और भयावह बना रहा है। यह आबादी के लिए स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ा रहा है, जिससे असामयिक मौतों में बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। इसके पीछे पीएम 2.5 कणों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है जिनका आकार 2.5 माइक्रोन के करीब होता है। इनके बढ़ने से धुंध छाने, साफ न दिखाई देने, सांस के रोगों, गले में खराश होने, जलन और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, जो जानलेवा साबित होती हैं। असलियत में पीएम 2.5 की मात्रा 60 और पीएम 10 की मात्रा 100 होने पर ही हवा को सांस लेने के लिए सुरक्षित माना जाता है। होता यह है कि गैसोलीन, पेट्रोल, डीजल , वाहनों का धुआं, कोयला, कचरा, पराली और लकड़ी के जलने से हुए धुएं से पीएम 2.5 का उत्पादन अधिकाधिक मात्रा में होता है। अपने छोटे आकार के कारण पार्टीकुलेट मैटर फेफड़ों में आसानी से गहराई तक पहुंच जाते हैं। यह पीएम 10 से भी ज्यादा नुकसानदेह होता है। दरअसल आइक्यू एयर की हालिया रिपोर्ट दक्षिण एशियाई देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के लिए एक गंभीर चेतावनी है जिनकी जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा पर निर्भरता अधिक है। ईंधन के दूसरे स्रोतों पर ध्यान देना जरूरी है।अब यदि वायु प्रदूषण से मानव स्वास्थ्य को होने वाले दुष्प्रभावों पर सिलसिलेवार गौर करें तो पाते हैं कि दावे कुछ भी किए जाएं, हकीकत में वायु प्रदूषण अब नासूर बन गया है। यह अब किसी खास मौसम की नहीं, बल्कि सालभर रहने वाली स्थायी समस्या है। यह तो अब लोगों की उम्र पर भी बुरा असर डाल रहा है। इससे जहां देशभर में रहने वाले लोगों की उम्र में 5.3 वर्ष की कमी आई है, वहीं राजधानी दिल्ली के लोगों की उम्र में 11.9 वर्ष की औसतन कमी आई है। एनवायरनमेंटल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के अध्ययन में वायु प्रदूषण तथा मस्तिष्क के संज्ञानात्मक कार्यों के बीच संबंधों के मिले नए प्रमाणों से यह खुलासा हुआ है। अब तो यह साफ हो गया है कि वायु प्रदूषण का मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव पड़ता है। कैलीफोर्निया यूनिवर्सिटी के शोध– अध्ययन से इसका खुलासा हुआ है कि बेहतर वायु गुणवत्ता से आत्महत्या की दर में कमी आ सकती है। शोध का निष्कर्ष जो नेचर सस्टेनेबिलिटी जर्नल में प्रकाशित हुआ है, के अनुसार चीन में पिछले पांच सालों में वायु प्रदूषण घटने से वहां आत्महत्या के चलते मौत के मामलों में तेजी से कमी दर्ज की गयी है। यदि आप अत्यधिक प्रदूषित वातावरण में दो घंटे भी रह लेते हैं तो आपके मस्तिष्क के कामकाज में बिगाड़ पैदा हो सकता है। जंगल की आग से निकलने वाले धुएं का भी स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है।मानव जीवन तो प्रदूषण की मार से बेहाल है ही, पेड़–पौधे भी तापमान वृद्धि के चलते सांस नहीं ले पा रहे हैं। हालत यह है कि जो पेड़ वातावरण में कार्बन डाइ आक्साइड को अवशोषित कर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने में मदद कर रहे थे, वे अब उसमें खुद को असमर्थ पा रहे हैं। हालिया शोध इसके प्रमाण हैं कि अब पेड़ों में सांस लेने और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की क्षमता कम हो गई है। इसमें दो राय नहीं है कि वायु प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा पर्यावरणीय खतरा बन चुका है।

बंगाल 1947 का ट्रेलर हुआ रिलीज, विभाजन के दर्द को बयां करेगी देवोलीना भट्टाचाजी की फिल्म

विभाजन के भयानक वक्त का सिनेमाई चित्रण करने वाली फिल्म बंगाल 1947 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. 29 मार्च को रिलीज होने वाली ये हिंदी फिल्म 1947 में भारत के विभाजन, खासकर बंगाल पर उसके असर को दर्शाएगी. ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे विभाजन के उस वक्त प्यार का रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है. फिल्म में देवोलीना भट्टाचार्जी, सोहला कपूर, ओमकार दास मानिकपुरी, आदित्य लखिया और अंकुर अरमाम मुख्य भूमिकाओं में हैं.

अकाशदीप लामा द्वारा निर्देशित इस फिल्म के निर्माता सतीश पांडे, रिषभ पांडे और अकाशदीप लामा हैं. ये फिल्म कॉन्फेड प्रोडक्शन्स और थिंक टैंक ग्लोबल फिल्म्स के बैनर तले बनी है.देवोलीना भट्टाचार्जी, जो ह्यबंगाल 1947ह्न के साथ अपनी फिल्म की डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, ने कहा, ह्यकई कारणों ने मुझे इस भूमिका की ओर आकर्षित किया. सबसे पहले, इसने मुझे निर्देशक आकाशदीप लामा के साथ फिर से जोड़ा, जिनके साथ मुझे अपने करियर की शुरुआत में उनके नाटक मोहनजोदड़ो में सहयोग करने का सौभाग्य मिला था. वह उस लिहाज से परिवार की तरह बन गए हैं. लेकिन हमारे जुड़ाव से परे, यह किरदार अपने आप में अविश्वसनीय रूप से मजबूत और सूक्ष्म है, जो एक अभिनेता के लिए वास्तविक आधार प्रदान करता है. इसके अतिरिक्त, मेरी स्वयं की बंगाली और असमिया विरासत ने मुझे फिल्म के विषयों के साथ गहराई से जुडने दिया.

सान्या मल्होत्रा की मिसेज पहुंची हवाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, निर्माताओं ने जताई खुशी

सान्या मल्होत्रा को आखिरी बार विक्की कौशल के साथ फिल्म सैम बहादुर में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई।पिछले कुछ समय से अभिनेत्री अपनी आने वाली फिल्म मिसेज को लेकर चर्चा में हैं। यह मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचन का रीमेक है।मिसेज का प्रीमियर अब तक पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और टालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में हो चुका है।अब इस फिल्म ने एक और उपलब्धि हासिल की है।

मिसेज हवाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में चमकने को तैयार हैं।निर्माताओं ने खुशी जताते हुए लिखा, हमें यह साझा करते हुए सच से उत्साहित हैं कि सान्या मल्होत्रा अभिनीत हमारी हिंदी फिल्म मिसेज प्रतिष्ठित हवाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 में प्रदर्शित की जाएगी।

दांव पर लगा इस भारतीय क्रिकेटर का करियर, महिला ने लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

नई दिल्ली। भारत में जन्मे क्रिकेटर निखिल चौधरी बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। निखिल पर ऑस्ट्रेलिया की एक महिला ने दुष्कर्म करने का संगीन आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि निखिल ने इस घिनोनी करतूत को कार में अंजाम दिया। निखिल के खिलाफ महिला के कई दोस्तों ने भी बयान दर्ज कराया है, जिसके बाद बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस की ओर से खेलने वाले निखिल बुरी तरह फंसते हुई दिखाई दे रहे हैं।

निखिल की बढ़ी मुश्किलें

परिजनों ने निखिल चौधरी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने फ्लिंडर्स स्ट्रीट पर महिला के साथ कार में जबरदस्त की और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। परिजन के अनुसार, कार से निकलने के बाद महिला बुरी तरह से घायल थी और वह खून से लथपथ थी। निखिल की ओर से कोर्ट में दलील दी गई है कि जो भी हुआ, उसमें महिला की सहमति थी।

टाउन्सविले जिला कोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, निखिल और महिला की मुलाकात एक नाइट क्लब में



हुई थी, जहां दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी थीं। बताया जा रहा है कि डांस करने के दौरान दोनों के बीच किस भी हुई थी। बता दें कि निखिल पर इस मामले में केस साल 2021 से चल रहा है। मई 2021 को महिला ने निखिल पर यह संगीन आरोप लगाया था।

दोस्तों ने दी निखिल के खिलाफ गवाही

महिला के खास दोस्तों ने निखिल चौधरी के खिलाफ कोर्ट में बयान दर्ज कराया है। एक दोस्त का कहना है कि उसने निखिल को शीशा पिटते हुए कार से निकलते हुए देखा था। दोस्तों द्वारा दिए गए बयान के मुताबिक, महिला काफी ज्यादा रो रही थी और उसका कहना था कि निखिल ने उसके साथ दुष्कर्म किया है।

मां ने सुनाई दास्तां

महिला की मां ने भी इस मामले में अपना बयान दर्ज कराया है। मां का कहना है कि 23 मई को उन्हें अपनी बेटी का कॉल आया था और उसने खुद के साथ मारपीट होने की बात बताई थी। मां के अनुसार, बेटी ने बताया था कि वह अभी पुलिस के साथ है, पर उसे अस्पताल जाना है। मां ने अपने बयान में कहा, "मेरी बेटी ने बताया कि वह एक लड़के से रात में मिली और दोनों एक कार में बैठे। इसके बाद वह लड़का हाथ धूकर उसके पीछे पड़ गया।" पीड़िता के अनुसार, निखिल और उसके बीच किस सहमति से हुई, लेकिन शारीरिक संबंध क्रिकेटर ने जोर जबरदस्ती करके बनाए।

सोफिया अंसारी साड़ी पहन ढाती हैं कहर, कातिलाना हुस्न देख फैंस होते हैं घायल

सोशल मीडिया का काफी पॉपुलर चेहरा सोफिया अंसारी अपनी ग्लैमरस अदाओं के लिए जानी जाती हैं। सोफिया अंसारी अक्सर अपने फोटोज से फैंस का ध्यान खींचती रहती हैं। सोफिया अंसारी के एक से बढक़र एक फोटोज फैंस को दीवाना बनाती हैं। सोफिया अंसारी कई साड़ी पहनकर फोटोशूट कराती हैं और तस्वीरें फैंस के लिए शेयर करती है। सोफिया अंसारी की कातिलाना हुस्न देखकर फैंस घायल होते हैं। सोफिया अंसारी की तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। सोफिया अंसारी इंस्टाग्राम पर अक्सर अपनी साड़ी वाली तस्वीरें शेयर करती हैं। सोफिया अंसारी का अंदाज को फैंस पसंद आता है। सोफिया अंसारी की साड़ी वाली तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरते हैं। सोफिया अंसारी की इन तस्वीरों पर फैंस प्यार भी बरसाते हैं।

सोफिया अंसारी अपनी साड़ी वाली तस्वीरों में भी कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करने का मौका नहीं छोड़ती हैं।

सोफिया अंसारी का बोल्ड अंदाज लोगों का ध्यान खींचता है। सोफिया अंसारी की सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है। सोफिया अंसारी के द्वारा तस्वीरें शेयर करते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। सोफिया अंसारी के फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। सोफिया अंसारी अपने फैंस को निराश किए बिना अपनी झलक दिखाती रहती हैं। सोफिया अंसारी अलग–अलग अंदाज से साड़ी पहनती हैं। सोफिया अंसारी का हर अंदाज फैंस को अपनी तरफ आकर्षित करता है। सोफिया अंसारी की कातिलाना अदाएं फैंस को घायल कर जाती हैं। सोफिया अंसारी के फैंस उनकी हर अदा पर दीवाने रहते हैं। सोफिया अंसारी साड़ी के अलावा कई बार अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती हैं। सोफिया अंसारी को इसके लिए ट्रोल होना पड़ता है। सोफिया अंसारी को ट्रोलिंग का असर नहीं पड़ता है। सोफिया अंसारी का इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी बोल्ड तस्वीरों भरा पड़ा है।

शिखर धवन के डुप्लीकेट ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऐसा क्या कर दिया..

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का रिएक्शन वायरल हो गया जब उन्होंने सोमवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन का हमशक्ल देखा।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मैच के दौरान शिखर धवन जैसे दिखने वाले शख्स पर कैमरामैन ने फोकस किया। यह घटना पंजाब की पारी के 18वें ओवर की है। बड़ी स्क्रीन पर फैन ने अपना हेयरस्टाइल दिखाया, जो हूबहू शिखर धवन की तरह लगा। तभी बाउंड्री लाइन पर खड़े विराट कोहली पर कैमरा गया, जो बड़ी स्क्रीन पर शिखर धवन के हमशक्ल को देखकर अपनी हंसी नहीं रोक सके। विराट कोहली खुद को अभिव्यक्त करने के लिए जाने जाते हैं और यहां भी उन्होंने अपने चेहरे के भाव से दिखाया कि वो धवन के हमशक्ल को देखकर खुश हुए।

करीबी मुकाबले में हारा पंजाब

पंजाब किंग्स की टीम एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर करीबी मुकाबले में हार गई। शिखर धवन के नेतृत्व वाली पंजाब किंग्स ने सोमवार को पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 176 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 19.2 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

पंजाब किंग्स की यह दो मैचों में पहली शिकस्त रही। वो आईपीएल 2024 की प्वाइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर है। आरसीबी की दो मैचों में यह पहली जीत रही और वो आईपीएल 2024 की अंक तालिका में छठे स्थान पर जमी हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर काबिज है।

धू-धूकर जल रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड में कूड़ा, चारों ओर फैला जहरीला धुंआ

● गाड़ीघाट खोह नदी के तट पर संचालित किया जा रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड ● ट्रेंचिंग ग्राउंड से उठ रही दुर्गंध के कारण परिवारों का सांस लेना भी हुआ दूभर

ट्रेंचिंग ग्राउंड में आग लगने के बाद खाक बना कूड़ा

बेहद खतरनाक है धुआं

कूड़े के जलने से निकलने वाला धुआं मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होता है। इस धुएं में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस भारी मात्रा में होती है। यह गैस हवा में घुलकर श्वास नली के जरिये शरीर में प्रवेश कर फेफड़ों के अंदर जम जाती है। कूड़े में पॉलीथिन, कपड़ा व प्लास्टिक का सामान जलने से सल्फाइड व नाइट्रोजन की खतरनाक यौगिक गैस निकलती है। जो स्वास्थ्य के लिए बेहत खतरनाक है। अगर कूड़े में बायोमेडिकल वेस्ट हो तो स्थिति और खतरनाक हो जाती है। बायो मेडिकल वेस्ट से उठता धुआं जानलेवा साबित हो सकता है।

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : गर्मी का मौसम शुरू होते ही गाड़ीघाट स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में पड़े कूड़े के ढ़ेर ने आग पकड़नी शुरू कर दी है। होली के दिन रात के समय लगी आग से कूड़ा धू-धूकर जल उठा। कूड़ा जलने के बाद चारों ओर फैले जहरीले धुएं से आसपास आबादी में रहे रहे आमजन का सांस लेना भी दूभर हो गया। जबकि, क्षेत्रवासी कई बार ट्रेंचिंग ग्राउंड को आबादी से बाहर शिफ्ट करने की भी मांग उठा चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। कोटद्वार नगर निगम बनने से पूर्व गाड़ीघाट स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में 11 वार्डों का कूड़ा डाला जाता था, लेकिन नगर निगम गठन के बाद ट्रेंचिग ग्राउंड में चालीस वार्डों का कूड़ा डाला जा रहा है। हर रोज हजारों टन कूड़ा ट्रेंचिग ग्राउंड में डालने के बाद समस्या बढ़ने लगी है। होली की रात अचानक कूड़े के ढ़ेर ने आग पकड़ दी। जिससे कूड़े के कई ढेर जलकर खाक हो गए। कूड़ा छटाई के लिए लगाई गई निगम की एक मशीन भी जलकर खाक हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि ट्रेंचिंग ग्राउंड के कारण रतनपुर, कुंभीचौड़, गाड़ीघाट के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। गर्मी के मौसम में आए दिन ट्रेंचिंग ग्राउंड में आग लगने की समस्या बनी रहती है। आबादी क्षेत्र में बने ट्रेंचिग ग्राउंड को अन्यत्र शिफ्ट करने के लिए स्थानीय लोग कई बार शासन-प्रशासन से मांग कर चुके हैं, लेकिन तंत्र सुध लेने को तैयार नहीं है। कहा कि अभी गर्मी भी शुरू नहीं हुई और कूड़े में आग लगने लगी है। कूड़ा जलने से उठ रहा जहरीला धुआं लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा। जबकि, ट्रेंचिंग ग्राउंड के समीप ही स्टेडियम व मुक्ति धाम भी है।

नव नियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते जिलाध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा कोटद्वार की महिला कांग्रेस कार्यकर्ता गीता सिंह को प्रदेश महामंत्री व शहनाज शम्सी को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। दोनों नव नियुक्त पदाधिकारियों का पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वागत किया गया।

जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि दोनों महिलाओं की नियुक्ति से कोटद्वार व क्षेत्र में पार्टी के महिला संगठन को मजबूती मिलेगी। कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बेहतर जीत मिलें इसके लिए सभी कार्यकर्ता व पदधिकारियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं व पदधिकारियों से घर-घर जाकर लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से भी अवगत करवाने की बात कही। कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश महामंत्री महिला कांग्रेस रंजना रावत, बलबीर सिंह रावत, विनोद रावत, नीलम रावत, प्रदीप नेगी, मनोज रावत और धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

साढ़े तीन लाख की स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस हिरासत में आरोपी युवक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोतवाली पुलिस ने करीब साढ़े तीन लाख रुपये की स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस विशेष अभियान चला रही है। इसी के तहत पुलिस टीम को सूचना मिली कि पदमपुर मोटाढांक निवासी सागर नेगी बीईएल रोड के समीप संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। बताया कि मौके पर पहुंचकर जब सागर की तलाशी ली गई तो उसकी जेब से 10.20 ग्राम स्मैक बरामद हो गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्मैक को क्षेत्र के युवाओं को महंगे दामों बेचने की फिराक में था। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

आबादी में धमका हाथी, मचाया उत्पात

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : वन विभाग के लाख दावों के बाद भी आबादी में हाथियों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। वार्ड नंबर दो रामपुर क्षेत्र में मंगलवार तड़के पहुंचे हाथी ने काश्तकारों के खेतों में खूब उत्पात मचाया। एक ओर जहां हाथी ने खेतों में खड़ी फसल को बर्बाद कर दिया। वहीं, घरों के बाहर बनी सुरक्षा दीवार को भी तोड़ दिया। आक्रोशित काश्तकारों ने वन विभाग से हाथी के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है।

मंगलवार सुबह करीब तीन बजे हाथी रामपुर क्षेत्र में पहुंच गया था। हाथी ने रामपुर निवासी बालम सिंह के घर के गेट को तोड़ डाला। इसके बाद हाथी मोहन सिंह के खेत में जा घुसे, जहां उन्होंने खेतों में खड़ी गेंहू की फसल को बर्बाद कर दिया। मोहन सिंह ने बताया कि क्षेत्र में आए दिन हाथियों की धमक बनी हुई है। फसल बर्बाद होने से काश्तकारों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। हाथियों ने खेतों में खड़े केले के पेड़ों को भी तहस-नहस कर दिया। कहा कि पूर्व में बनाई गई हाथी सुरक्षा दीवार व फेंसिंग लाइन भी हाथियों को रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है।

काश्तकारों ने हाथियों की धमक रोकने के लिए क्षेत्र में वन कर्मियों की गश्त बढ़वाने की मांग की है। कहा कि काश्तकारों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हाथियों के आबादी में पहुंचने से आमजन को भी खतरा बना हुआ है।

धूमधाम से मनाई होली, बताया आध्यात्मिक रहस्य

होली कार्यक्रम में भाग लेते लोग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से होली महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को होली की बधाईयां दी। साथ ही सदस्यों ने लोगों को होली के आध्यात्मिक रहस्य के बारे में बताया।

नजीबाबाद रोड स्थित केंद्र में आयोजित महोत्सव में कलालघाटी, लालपानी, मोटाढांग, जीवानंदपुर, दुगड्डा, तेलीपड़ाव के लोगों ने भाग लिया। सेवा केंद्र की संचालिका वीके ज्योति ने लोगों को होली के आध्यात्मिक रहस्य के बारे में बताया। सदस्यों ने कहा कि होली एक भाई-चारे का पर्व है। होली के यह रंग हमें कई संदेश देते हैं। हमें अपने जीवन को भी रंग-बिरंगा बनाना चाहिए। हमारा जीवन खुशहाल हो इसके लिए हमें अध्यात्म को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। सदस्यों ने अभिभावकों को भी अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही युवाओं से अपनी संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण की भी अपील की गई।

जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों में जंगली और आवारा पशुओं के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। कहा कि जंगली और आवारा पशुओं के आतंक के कारण काश्तकार खेती किसानी करने में रूचि नहीं ले रहा है। इस संबध में उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में परिषद के प्रतिनिधियों ने कहा है कि वर्तमान में जंगली और आवारा पशुओं का मानव जीवन में दखल बहुत बढ़ चुका है। मैदानी क्षेत्रों में आवारा पशु तो पहाड़ी क्षेत्रों में बंदर, लंगूर, सूअर सहित अन्य जंगली जानवर काश्तकारों की खेती को बर्बाद करने पर लगे हुए हैं। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में परिषद अध्यक्ष जीके बड़थ्वाल, सीपी डोबरियाल, अनूप बिष्ट, बलवान सिंह, विनोद ध्यानी और संजय असवाल आदि शामिल थे।

संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरा युवक, मौत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : काशीरामपुर तल्ला निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। एसआई जयपाल सिंह ने बताया कि काशीरामपुर तल्ला निवासी मोनू उर्फ सत्यप्रकाश (28) पुत्र प्रवीन सिंह को परिजन रविवार रात को करीब 11:00 बजे गंभीर हालत में बेस अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। सोमवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने परिजनों के हवाले से बताया कि मोनू किसी काम से अपने दो मंजिला भवन की छत पर गया था। इस दौरान वह अनियंत्रित होकर नीचे जमीन पर आ गिरा। उसके नाक से खून आ रहा था। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस प्रत्याशी गोदियाल को जिताने की अपील

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : युवा कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनावों को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एकजुटता से कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाने को लेकर रणनीति बनाई गई। इस दौरान युवा आयुष, ऋषभ, लक्ष्य गौरव आदि ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में नवनियुक्त प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस संजना गुजराल व प्रदेश से बाहर युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव आशीष नेगी को जिम्मेदारी मिलने पर सम्मानित किया गया। मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजपाल बिष्ट ने कांग्रेस द्वारा अभी तक देशहित में किए गए कार्यों को गिनाया। कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धि अत्याचार, भ्रष्टचार, अनाचार रही है। उन्होंने युवाओं से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल को जिताने की अपील की। बैठक में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित सिंह, विधानसभा अध्यक्ष आयुष भंडारी, अमन नेगी, मुकुल कुमार, विद्या सेमवाल, गोपाल नेगी, आकाश रावत, मनीष कुमार, सोनू, बॉबी आदि शामिल रहे।

गुलदार ने व्यक्ति पर किया हमला

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुलदार आये दिन लोगों पर हमला कर रहा है। गुलदार अभी तक कई लोगों को निवाला भी बना चुका है। अब गुलदार ने जिले के खरकोटा गांव में नेपाली मूल के एक व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया। गुलदार के हमले के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

मंगलवार को नागदेव पौड़ी रेंज के तहत गडोली खंडाह मोटर मार्ग पर स्थित खरकोटा गांव में मंगल सिंह रौथाण के पॉली हाउस में पानी लगा रहे नेपाली मूल के व्यक्ति 45 वर्षीय महेश थापा पर गुलदार ने हमला कर दिया। गनीमत रही कि महेश थापा की नजर घात लगाए गुलदार पर पड़ गई और उसने शोर मचाते हुए गुलदार से बचने का प्रयास किया, लेकिन गुलदार ने उसके कान हाथ और पांव में खरौंच लगाते हुए उसे घायल कर दिया गया। महेश थापा को जिला अस्पताल लाकर उसका प्राथमिक उपचार करवाया गया। बताया कि घटना में एक बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं, रेंजर ललित मोहन नेगी ने बताया कि क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है।

धूमधाम से मनाई गई होली, जमकर उड़ा अबीर-गुलाल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : रंग, गुलाल और अबीर से एक-दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली सोमवार को पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी होली की मस्ती में थे। रविवास्र शाम को होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। सुबह होते-होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। सुबह 10 बजे के बाद हर कोई रंगीन नजर आ रहा था। होली के गीतों पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह दोपहर तक जारी रहा। लोग एक-दूसरे के घर पहुंचे और गुलाल लगा कर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। बधाई देने का क्रम देर शाम तक जारी रहा। होली को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था।

पेयजल के लिए भटक रहे पैंडुला और कण्डोली के ग्रामीण

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर विकासखंड के पैंडुला सहित अमरोली, कण्डोली के ग्रामीण लक्षमोली-हडिमधार पेयजल योजना से पेयजल आपूर्ति सुचारु न होने से परेशान हैं। ग्राम प्रधान पैंडुला सुनय कुकशाल ने कहा कि पिछले 15 दिन से गांव में पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी हुई है, जिससे लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

ग्राम प्रधान सुनय कुकशाल ने कहा कि पैंडुला के साथ ही अडेली, बंकोला, पिपोला, लूसी, अमरोली गांव में भी पेयजल आपूर्ति ठप है। कहा कि इस संदर्भ में कई बार विभागीय अधिकारियों को बताया गया है, बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हर घर नल हर घर जल के तहत लगे पेयजल कनेक्शनों पर भी पानी नहीं आ रहा है।

कहा कि गर्मियों के आते ही क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था चरमराने लगती है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जल्द पेयजल समस्या का निदान किए जाने की मांग की है।

कण्डोली निवासी व सामाजिक कार्यकर्ता तनुज बडोनी ने बताया कि कण्डोली में विगत एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप पड़ी हुई है। साथ ही गांव में हैंडपंप न होने के चलते ग्रामीणों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। कहा कि हर घर नल और हर घर जल योजना के तहत बिछी लाइन में भी पेयजल नहीं पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कहा कि जो स्रोत का पानी गांव तक पहुंच भी रहा था वह भी सड़क बनने के कारण क्षतिग्रस्त हो रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जल्द पेयजल आपूर्ति सुचारु करवाए जाने की मांग की है। (एजेंसी)

आज से शुरू होगी गोकथा

श्रीनगर गढ़वाल : गोसेवा संवर्धन समिति की ओर से बुधवार (आज) से बंधन वेडिंग प्वाइंट में गोकथा का शुभारंभ होगा।

गो सेवा समिति के उपाध्यक्ष आनंद सिंह भंडारी ने कहा कि बुधवार को अलकेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल बंधन वेडिंग प्वाइंट तक पहुंचेगी, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश की स्थापना के बाद कथावाचक वेदाचार्य साकेतानंद महाराज के मुखारविंद से कथा शुरू होगी। उन्होंने बताया कि तीन अप्रैल तक अपराह्न 3 बजे से 6 बजे तक चलेगी। पूर्णाहुति और भंडारे के साथ गोकथा का समापन होगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर गोकथा श्रवण की अपील की। (एजेंसी)

ज्योतिष से भारत की पूरे विश्व में विशेष पहचान : प्रो. सुब्रह्मण्यम

टिहरी : देवप्रयाग में इन दिनों ज्योतिष का कुंभ चल रहा है। विभिन्न प्रदेशों के अनुंसधानकर्ता तथा जिज्ञासु यहां ज्योतिष सीख रहे हैं तथा अपनी जिज्ञासाओं को शांत कर रहे हैं। आईआईटी मुंबई तथा एलबीएस समेत देश के नामी संस्थानों के विशेषज्ञ ज्योतिष एवं गणित का ज्ञान प्रदान कर रहे हैं।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में ज्योतिष विभाग की दस दिवसीय कार्यशाला का केंद्रीय विषय गणित है।

विभिन्न प्रदेशों के 80 से अधिक लोग इसमें प्रतिभाग कर रहे हैं। जिनमें में छात्र, शोधार्थी, अध्यापक, डॉक्टर व अन्य क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर, हिमाचल परिसर के ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. विजेंद्र शर्मा ने ज्योतिष की बारीकियों, उसके उद्देश्य और समाज में उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने गणितपाद में वर्णित ज्या, खंडज्या, वृतादि परिकल्पनाओं के प्रकार, वृत्त में अर्धज्या एवं शरों का संबंध आदि पर व्याख्यान दिया। ह्यआर्यभटीयस्य गणित पाद प्रशिक्षण कार्यशालाह्न में भोपाल परिसर के ज्योतिष विभाग अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने मनुष्यों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण में ज्योतिष के योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

जोशीमठ पालिका ने प्लास्टिक कूड़े को बनाया आय का जरिया

चमोली : सीमान्त नगर पालिका परिषद जोशीमठ ने प्लास्टिक कूड़ा बेचकर अभी तक एक करोड़ 26 लाख रुपये की आमद की है जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। कूड़ा प्रबंधन से जहां एक ओर नगर क्षेत्र प्लास्टिक कूड़ा मुक्त हो गया है तो वहीं इस कूड़े से पालिका भी मालामल हो रही है।

पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र के घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले 35 प्रकार के अजैविक कूड़े को अलग–अलग छांटकर विक्रय किया जा रहा है।

नगर पालिका डोर टू डोर कूड़स कलेक्सन के साथ-साथ कूड़ा वाहनों की मदद से भी बाजार व सड़क पहुंच क्षेत्र के घरों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का कूड़ा प्रतिदिन एकत्रित कर रही है। एकत्रित कूड़े को पालिका कूड़ा प्रबंधन प्लांट में ले जाकर उसकी छंटाई करने के बाद बेच रही है। पालिका द्वारा वर्ष 20211-12 से मार्च 2024 तक बारह लाख 78 हजार किलो कूड़ा बेचा जा चुका है, जिससे पालिका को एक करोड़ 26 लाख की आमद हो चुकी है। पालिका के ईओ हयात सिंह रौतेला कहते हैं कि अभी कुछ ही दिन पहले उन्होंने नगर पालिका जोशीमठ का चार्ज संभाला है लेकिन वे हैरान हैं कि सीमान्त पालिका प्लास्टिक कूड़ा प्रबंधन में इतना बेहतनीन कार्य कर रही है। कहते हैं कि प्लास्टिक कूड़ा बेचकर एक करोड़ रुपये कमाना बड़ी उपलब्धि है व अन्य पालिकाओं के लिए यह प्रेरणादायक है। वहीं सफाई सुपरवाइजर अनील कुमार कहते हैं कि पालिका द्वारा 70 सफाई कर्मियों व 6 कूड़ा वाहनों की मदद से नगर को साफ स्वच्छ बनाने की शुरू की गई मुहिम अब रंग लाने लगी है। (एजेंसी)

होली का त्योहार हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने की अपील

जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में होली खेलते हुए अधिकारी-कर्मचारी।

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली के पावन पर्व पर जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने जनपद वासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार खुशी का त्योहार है तथा सभी को आपसी भाईचारे के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है तथा सभी को आपसी भाईचारे और मेल-मिलाप के साथ अपने त्योहारों को मनाना चाहिए। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में लोकसभा सामान्य निर्वाचन का महापर्व है तथा लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी जनपद वासियों ने जो मतमदान करने की शपथ ली है तथा सभी 19 अप्रैल के दिन अपने मतदान का अवश्य प्रयोग करें, जिससे कि हमारा जनपद मतदान प्रतिशत में आगे रहे, इसके लिए उन्होंने सभी से अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही पत्रकारों सहित आम जनमानस ने होली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा सभी ने हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ होली का त्योहार मनाया। इस अवसर पर जिलाधिकारी की धर्मपत्नी डॉ. सोनालिनी, पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे, उप जिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, हर्षवर्धनी सुमन, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार, जिला सूचना अधिकारी रती लाल शाह, वैयक्तिक अधिकारी ओमप्रकाश सिंह बिष्ट, तहसीलदार राम किशोर ध्यानी, अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रेस प्रतिनिधि मौजूद रहे।

चमोली में 303 बूथों पर होगी वेब कास्टिंग

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : आगामी लोकसभा निर्वाचन में जनपद चमोली के 584 बूथों में से 303 बूथों पर वेब कास्टिंग की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने दूरसंचार कंपनियों के प्रतिनिधियों को इन बूथों पर निर्बाध इंटरनेज व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए है।

अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने आगामी लोकसभा निर्वाचन में नेटवर्क कनेक्टिविटी को लेकर दूरसंचार कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने दूरसंचार कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि जिन बूथों पर वेबकास्टिंग की जानी है। ऐसे सभी बूथों की नेटवर्क कनेक्टिविटी जांच लें और मतदान के दिन बूथों पर निर्बाध इंटरनेट व्यवस्था बनाए रखें। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 584 बूथों में से 303 पर वेब कास्टिंग की जाएगी। वहीं इस बार 20 शेडो एरिया बूथ चिन्हित किए गए हैं।

2 अप्रैल को होगें क्रिकेट अंडर-19 वर्ग के लिए ट्रायल

रूद्रप्रयाग : जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (सीएयू) के निर्देशों पर अंडर-19 आयु वर्ग के लिए टीम गठन के लिए चयन/ट्रायल कम लीग प्रतियोगिता का आयोजन 2 अप्रैल को किया जाएगा। जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कमलेश जमलोकी एवं सचिव अरुण तिवारी ने बताया कि उक्त चयन/ट्रायल 2 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से मदमहेश्वर क्रिकेट अकादमी निकट ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में किया जाएगा। चयन/ट्रायल के बाद चयनित खिलाड़ियों की टीम बनाकर उनके बीच लीग मैच आयोजित किए जाएंगे। लीग मैच इस बार देहरादून में कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है। लीग मैच में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर जनपद की टीम का गठन किया जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष सीएयू ने सभी खिलाड़ियों के लिए मूल निवास प्रमाण पत्र आवश्यक कर दिया है। पूर्व में जनपद से खेलने वाले सभी खिलाड़ियों को भी मूल निवास प्रमाण पत्र लाना आवश्यक होगा। वहीं दूसरे जनपद से आने वाले खिलाड़ियों को अपने जनपद की एसोसिएशन से अनापत्ति प्रमाण पत्र लाना आवश्यक होगा। उन्होंने जनपद से खेलने वाले सभी इच्छुक खिलाड़ियों से अनुरोध किया है कि वे 2 अप्रैल को प्रातः 9 बजे तक ट्रायल स्थल पर पहुंच कर ट्रायल से पूर्व अपना पंजीकरण करवा लें। पंजीकरण के समय आधार कार्ड, पेन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र (डिजीटल), पिछले तीन वर्ष का स्कूलिंग सर्टिफिकेट, मूल निवास प्रमाण पत्र (दो वर्ष पूर्व का बना) आदि प्रमाण पत्र की एक साफ फोटो कॉपी एवं मूल प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से प्रेषित करना होगा। (एजेंसी)

आईएमए देहरादून के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में आईएमए देहरादून के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने शिष्टाचार भेंट की।

ब्रेक के बाद फिर से साहसिक पर्यटन की गतिविधियां शुरू

ऋषिकेश । तीर्थनगरी में होली पर रोक के बाद फिर से साहसिक पर्यटन की गतिविधियां शुरू हो गईं। मंगलवार को राफ्टिंग का लुत्फ उठाने के लिए मुनिकीरेती में देसी–विदेशी पर्यटक उमड़ पड़े। ऐसे में गंगा दिनभर रंग–बिरंगी राफ्टों से अटी नजर आईं। खतरनाक रैपिडों पर राफ्टिंग के दौरान पर्यटक काफी उत्साहित दिखे। मौसम में गर्माहट के साथ मंगलवार को मुनिकीरेती में राफ्टिंग के लिए पर्यटकों की भारी भीड़ रही। आसपास के राज्यों से भारी संख्या में पर्यटक साहसिक पर्यटन की गतिविधियों में रोमांच के लिए पहुंचे। सुबह से लेकर दिन ढलने तक गंगा में जगह–जगह राफ्टें तैरती दिखीं।

पर्यटकों की आमद में इजाफे से निर्भर व्यवसायियों के चेहरे भी खिले नजर आए। राफ्टिंग कारोबारी वैभव थपलियाल के मुताबिक मंगलवार को 500 से ज्यादा पर्यटकों ने राफ्टिंग की। बताया कि राफ्टिंग के अलावा कैंपिंग के लिए भी पर्यटकों की आमद बढ़ रही है। पारा चढ़ने के साथ पर्यटकों की संख्या में और बढ़त आएगी। बताया कि पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से इस सीजन में सभी को अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

पर्यटकों की भीड़ से लगा जाम

तीर्थनगरी ऋषिकेश का रूख करने से श्यामपुर में मंगलवार को फिर जाम लग गया। हरिद्वार–ऋषिकेश हाईवे स्थित रेलवे फाटक पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें नजर आई। वाहन सवारों को फाटक क्रॉस करने में जद्दोजहद करनी पड़ी। पांच मिनट की क्रॉसिंग जाम की वजह से एक घंटे में तब्दील हो गई। वाहनों को दबाव अत्याधिक होने से पुलिस भी यातायात को सुचारू रखने में नाकाम दिखी।

लोकतंत्र के पहले महापर्व लोकसभा चुनाव में 8 जवानों की हुई थी मौत

वाहन दुर्घटना में गई थी जान

चम्पावत। लोकतंत्र के पहले महापर्व में आठ जवानों ने हादसे में जान गंवाई थीं। दरअसल साल 1952 में हुए लोकसभा के पहले चुनाव में स्वाला के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में पीएसी आठवीं वाहिनी बरेली के आठ जवानों की मौत हो गई थी। ये जवान पिथौरागढ़ से चुनाव ड्यूटी पूरी कर बरेली लौट रहे थे।

उत्तराखंड में आगामी 19 अप्रैल को 18वीं लोक सभा के लिए चुनाव होगा। लेकिन वर्ष 1952 में लोक सभा के पहले चुनाव में आठ जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। आजादी के बाद 25 अक्तूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 तक लोकसभा चुनाव हुए।

उत्तर प्रदेश के इस पहाड़ी क्षेत्र में मतदान सबसे अंत में था। उस वक्त चम्पावत अल्मोड़ा जिले में आता था। पिथौरागढ़ में चुनाव ड्यूटी निपटाने के बाद 25 फरवरी 1952 को पीएसी आठवीं बटालियन के जवान वापस बरेली जा रहे थे।

इसी दौरान टनकपुर–पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग में विश्राम घाट स्वाला के पास पीएसी जवानों से भरा वाहन 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया था। हादसे में सुरक्षा बल के आठ जवानों की मौत हो गई। अमोड़ी के बुजुर्ग खीमानंद भट्ट, नारायण दत्त आदि बताते हैं कि उस वक्त हादसे की जानकारी देर से मिली।

हादसे में इन जवानों की हुई थी मौत

चम्पावत(आरएनएस)। दुर्घटना के बाद विश्राम घाट में मृत जवानों की याद में स्मारक बनाया गया। स्मारक में आठ पीएसी जवानों के नाम और दुर्घटना की तिथि अंकित है। हादसे में जान गंवाने वालों में भूपाल सिंह, जगत सिंह, मान सिंह, नैन सिंह, वीर सिंह, रुद्र सिंह, पुरुषोत्तम सिंह और बतवा सिंह शामिल हैं।

कारगी में कूड़ा डंप करने को लेकर दो पक्षों में विवाद

देहरादून। नगर निगम की कारगी स्थित डंपिंग साइट पर मंगलवार को कुछ लोगों ने अनुबंधित कंपनियों के सफाई वाहनों को अंदर जाने से रोक दिया। दोनों पक्षों में इस दौरान नोकझोंक हुई। विवाद के कारण काफी देर तक सफाई कार्य प्रभावित रहा। स्वास्थ्य अनुभाग के मुताबिक कारगी में इन दिनों सभी सफाई वाहन एक ही डंपिंग साइट पर कूड़ा डंप कर रहे हैं। इसके साथ ही कबाड़ी बाजार है। वहां व्यवसाय कर रहे लोगों ने आरोप लगाया है कि नगर निगम से अनुबंधित कंपनियों के सफाई वाहनों के कारण उनका काम प्रभावित हो रहा है।

ऋषिकेश में 29 मार्च से प्रदर्शित होगी फिल्म पहाड़ी रत्न श्रीदेव सुमन

ऋषिकेश । 29 मार्च को ऋषिकेश में उत्तराखंडी फीचर फिल्म पहाड़ी रत्न श्रीदेव सुमन का प्रदर्शन होगा। यह फिल्म टिहरी रियासत के खिलाफ बिगुल फूंकने वाले शहीद श्रीदेव सुमन की जीवनी पर आधारित है। मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के देहरादून रोड स्थित कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें उत्तराखंडी फीचर फिल्म पहाड़ी रत्न श्रीदेव सुमन के पोस्टर का विमोचन महासभा के संस्थापक अध्यक्ष ड़ॉ. राजे सिंह नेगी, फिल्म निर्माता विक्रम नेगी पहाड़ी ने संयुक्त रूप से किया। फिल्म निर्माता विक्रम सिंह नेगी पहाड़ी ने बताया कि फिल्म बनाने का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को बलिदानी श्रीदेव सुमन द्वारा राजशाही के खिलाफ फूंके गए बिगुल और उनके द्वारा किये गए संघर्ष से अवगत कराना है। फिल्म की अधिकांश शूटिंग श्रीदेव सुमन के मूल गांव जौल सिलोगी, हरिद्वार, देहरादून ऋषिकेश, रानीपोखरी, यमकेश्वर ब्लाक में हुई है। श्रीदेव सुमन ने टिहरी राजशाही के खिलाफ 84 दिनों तक भूखे रहकर अपने प्राणों की आहुति दी और टिहरी को राजशाही से मुक्ति दिलाई और अमर शहीद हो गए। आज की युवा पीढ़ी को भी जानकारी होनी चाहिए, उनके पूर्वज ऐसे महान क्रांतिकारी थे। जिन्होंने अपना वर्तमान हमारे भविष्य के लिए न्यौछावर कर दिया। महासभा अध्यक्ष डॉ. राजे नेगी ने कहा कि 29 मार्च से रोजाना इस फिल्म का एक शो में सुबह 11:30 बजे से ऋषिकेश के सिनेमाघर रामा पैलेस में दर्शायी जाएगी। उन्होंने आंचलिक भाषा के उत्थान के लिए सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर फ़िल्म देखने की अपील की। मौके पर फिल्म के मुख्य अभिनेता राजेश मालगुडी, अभिनेत्री शिवानी भंडारी, अनुज कंडारी, टीना नेगी, पदम् गुसाईं, रोशन उपाध्याय, सुमित गुसाईं, पटकथा देवी प्रसाद सेमवाल, कोरियोग्राफर अरविंद नेगी, ड़ॉ. एमआर सकलानी, छायांकन राजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

पर्यावरण संक्षण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें

चमोली : विजयंत स्काउट ग्रुप इंदौर की 45 सदस्यीय टीम उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों में पर्यावरण चेतना एवं नशा उन्मूलन आन्दोलन के अध्ययन के लिए उत्तराखंड का भ्रमण कर रहे हैं।

मंगलवार को चमोली जिले के मुख्यालय गोपेश्वर पहुंचने पर गोपीनाथ मंदिर में ग्रुप कैप्टन कुणाल मिश्रा के दिशा निर्देशन में पहुंची इस टीम ने उत्तराखंड में हुए सामाजिक आंदोलनों की जानकारी ली। कहा कि उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थानों पर जब भी पर्यटक अथवा यात्री आए तो पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें। गोपेश्वर में इस टीम के पहुंचने पर पर्यावरण प्रेमी और डाली लगौला अभियान के सुधीर तिवारी, गोथल चरण पादुका समिति की मीना तिवारी सहित सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने टीम का स्वागत किया। (एजेंसी)

परमार्थ की गंगा आरती वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डर्स में सूचिबद्ध हुई

ऋषिकेश । परमार्थ निकेतन के गंगा घाट पर होने वाली गंगा आरती को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डर्स में सूचीबद्ध किया गया है।

वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के अध्यक्ष संतोष शुक्ला के निर्देश के बाद डब्ल्यूबीआर के अधिकारी अभिषेक कौशिक और प्रिया शर्मा मंगलवार को परमार्थ निकेतन पहुंचे। उन्होंने परमार्थ निकेतन परिवार को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डर्स में सूचीबद्ध होने का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि परमार्थ निकेतन आश्रम की गंगा आरती को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा 30 मिनट की नॉनस्टॉप दैनिक मनमोहक आरती के रूप में सूचीबद्ध कर पुरस्कृत किया गया है। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि यहां विधिवत रूप से वर्ष 1997 में गई गंगा आरती शुरू की गई, जो प्रतिदिन होती है। नदियां जीवन और जीविका का आधार हैं। शांति और सद्गति दोनों ही प्रदान करती हैं, इसलिये हमने गंगा आरती के माध्यम से जल के प्रति जागरण की शुरूआत की। साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा कि प्रतिदिन सांयकाल होने वाली गंगा आरती हम सभी को अद्भुत प्रसन्नता का अहसास कराती है।

स्वीप कार्मिकों ने प्रवासी मतदाताओं से किया संवाद

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये स्वीप कार्यक्रम के तहत अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके तहत मंगलवार को चमोली में स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रवासी व अनुपस्थित मतदाताओं के परिवार के सदस्यों के घर-घर जाकर बीएलओ ने मतदाताओं से मतदान की अपील की।

प्रवासी मतदाता संवाद अभियान के दौरान स्वीप कार्मिकों ने थराली विधानसभा के सूया, चलियापानी, देवाल, सैंज खतौली, कौब, बमियाला, जुनेर, थराली, गबनी, रैई, पाली मल्ली, बद्रीनाथ विधानसभा के जोशीमठ, हेलंग, कौड़िया, कुंड, पोखनी, ब्राह्मणथाला और कर्णप्रयाग विधानसभा के घंडियाल, केदारुखाल, बनगांव, सिरन, कर्णप्रयाग, गौचर, बौंला, धनपुर, थिरपाक, चूला, दुवा तथा नागकोट गांवों के प्रवासी व अनुपस्थित मतदाताओं से बातचीत कर मतदान के लिये प्रेरित किया गया। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद सती, प्रबोध डिमरी सहित अन्य कार्मिक मौजूद थे।

अलकनंदा में बहा असिस्टेंट सर्वेयर, खोजबीन में जुटी पुलिस

चमोली : गत सोमवार को कालेश्वर में मोटर पुल के समीप नहाते समय रेलवे कंपनी में कार्यरत एक असिस्टेंट सर्वेयर अलकनंदा में बह गया। पुलिस ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। कर्णप्रयाग के एसएसआई पंकज कुमार ने बताया कि 21 वर्षीय सुभाजीत आदक पुत्र सनातन आदक निवासी पश्चिमपाडा थाना पुरसोडा, जिला हुगली पश्चिम बंगाल रेलवे निर्माण कार्य डीवीएल कंपनी में असिस- टेंट सर्वेयर के पद पर सिवाई में कार्यरत था। सोमवार दोपहर 2 बजे सुभाजीत आदक अलकनंदा में रेलवे पुल के पास नहा रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह अलकनंदा में बह गया। अभी तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस, एसडीआरएफ और कंपनी के लोगों द्वारा अलकनंदा में बहे हुए युवक की खोजबीन की जा रही है। युवक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। (एजेंसी)

चार पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

चमोली : आदर्श आचार संहिता में चेकिंग के दौरान कर्णप्रयाग पुलिस ने सिमली में एक व्यक्ति से चार पेटी अंग्रेजी शराब पकड़ी।

एसएसआई पंकज कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनावों के मददेनजर अवैध शराब/मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को कोतवाली कर्णप्रयाग पुलिस ने 40 वर्षीय नरबहादुर पुत्र को सिमली से 192 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध कोतवाली कर्णप्रयाग पर आबकारी अधिनियम में मुकदामा दर्ज पंजीकृत किया गया है। कहा कि आरोपी इससे पूर्व भी शराब की अवैध बिक्री के आरोप में पकड़ा जा चुका है। (एजेंसी)

लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए परिश्रम की प्रकाष्ठा तक काम करूंगा: त्रिवेंद्र

हरिद्वार। हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मंगलवार को व्यक्तिगत रूप से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए त्रिवेंद्र ने लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा तक काम करने का वादा किया। भाजपा से लोकसभा सीट के प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने रोशनाबाद कलक्ट्रेट में डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल को अपना नामांकन पत्र सौंपा। इससे पहले रोशनाबद कचहरी चौक पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। नामांकन से बाद पत्रकार वार्ता में त्रिवेंद्र ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद मेरी कोशिश रहेगी कि मैं क्षेत्र के विकास के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा तक कार्य करूं। चुनाव से पहले मुझे जनता का अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है।

फिर बदला मौसम का मिजाज

रूद्रप्रयाग : जनपद में मंगलवार को मौसम बदल गया जिससे लोगों को हल्की ठंडक महसूस हुई। हालांकि अब वैसी ठंड नहीं है किंतु जिस तरह दिन में गर्मी का असर देखने को मिलने लगा था वह दिखाई नहीं दिया। मुख्यालय सहित जनपद के अधिकांश क्षेत्रों में मंगलवार सुबह से ही मौसम बदल गया। आसमान में बादल छाए रहे जिससे दिनभर धूप नहीं निकली। देर शाम तक हल्की बूंदा बांदी के आसार लग रहे थे। वहीं उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भी देर शाम बर्फबारी की उम्मीद लगाई गई। केदारनाथ, मदमहेश्वर, तुंगनाथ सहित अन्य कई ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी आसमान में बादल छाए रहे। (एजेंसी)

सहायक निदेशक ने स्कूलों का निरीक्षण किया

चमोली : सहायक निदेशक शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा डॉ. चंडी प्रसाद घिल्डियाल ने मंगलवार को चमोली जनपद के दशोली विकास खंड के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सहायक निदेशक ने डॉ. चंडीप्रसाद घिल्डियाल ने कहा कि विद्यालयों में संस्कृत भाषा के उन्नयन और इसकी महत्ता की प्रेरणा के लिए अच्छे कार्य किये जा रहे हैं। डॉ. घिल्डियाल ने कहा कि गोपेश्वर मंडल के बीच क्यार्की प्राथमिक विध्यालय के प्रवेश द्वार संस्कृत भाषा में लिखा प्रेरक संदेश प्रभावित करता है। सभी विध्यालयों को संस्कृत भाषा के प्रचार और महत्व के लिए ऐसा कार्य करना चाहिए। (एजेंसी)

जसपुर ग्राम पंचायत के ग्रामीण करेगें चुनाव का बहिष्कार

उत्तरकाशी : चिन्यालीसौड़ तहसील क्षेत्र स्थित गमरी पट्टी के ग्राम पंचायत जसपुर के ग्रामीणों ने सड़क का डामरीकरण व सड़क कटिंग में गई भूमि का प्रतिकर न दिए जाने पर नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने बैठक कर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया है।मंगलवार को ग्राम प्रधान जसपुर जगमोहन सिंह ने डीएम डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट को एक ज्ञापन प्रेषित किया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2015-16 में जसपुर मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किया गया। लेकिन इसके बाद विभाग की ओर से न तो अभी तक सड़क का डामरीकरण किया और न ही ग्रामीणों को सड़क निमाण में ली गई भूमि का प्रतिकर दिया गया। कहा कि कई बार संबंधित विभाग को लिखित एवं मौखिक रूप से सूचित किया गया। लेकिन विभाग ने कोई सुध नहीं ली। (एजेंसी)

आबकारी निरीक्षक से अभद्रता, जान से मारने की धमकी

देहरादून। शराब के एफएल–टू गोदाम में एक व्यक्ति ने प्रभारी आबकारी निरीक्षक से अभद्रता कर ली। आरोप है कि व्यक्ति ने शराब नहीं देने पर निरीक्षक को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सरकारी और निर्वाचन कार्य में बाधा डालने समेत विभिन्न धाराओं में मुदकमा दर्ज किया है। रायपुर थाना प्रभारी कुंदन राम ने बताया कि प्रभारी आबकारी निरीक्षक नीलम राणा ने तहरीर दी कि रविवार को वो डांडा लखौंड में एफएल–टू गोदाम में थीं। इस दौरान पंकज बड़वाल वहां पहुंचा। उसने निर्गम और एफएल–36 पास दिए बिना ही कुल्हाल कुंजा के एक ठेके के लिए शराब की मांग की। इनकार करने पर आरोपी ने उनके साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। आरोप है कि शराब नहीं देने पर आरोपी ने मारपीट की धमकी दी। फोन कर उसने कुछ लोगों को गोदाम पहुंचने के लिए कहा। इसके बाद आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपना वाहन मुख्य गेट पर खड़ा कर दिया ।

पारिवारिक होली मिलन समारोह में भजन संध्या ने बांधा समां

काशीपुर। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित पारिवारिक होली मिलन समारोह में विभिन्न राजनीतिक और समाजिक संगठनों ने अपने स्टॉल लगाकर एक–दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान आयोजित भजन संध्या में बरेली से आए राम–श्याम बंधुओं ने भजन गाकर समां बांध दिया। सोमवार को रामलीला मैदान में भारत विकास परिषद के बैनर तले पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां अग्रवाल सभा, भाजपा, कुमाऊं वैश्य महासभा, संस्कार भारती, खत्री सभा, पंजाबी सभा, आर्य समाज, महानगर कांग्रेस कमेटी काशीपुर, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, समस्त वाल्मीकि समाज आदि राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के स्टॉल लगाए। संस्था के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल व प्रिंस अग्रवाल, राम अग्रवाल, गरिमा जैन, मुनेश अग्रवाल, एसपी गुप्ता एवं प्रियंका अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया। मेले में बच्चों के लिए झूलों आदि की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, अभिषेकगोयल, अनुपम शर्मा, अरुण चौहान, जितेंद्र सरस्वती, गुरविंदर सिंह चंडोक आदि मौजूद रहे।

बालाजी घाटा मंदिर में हुनमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल

काशीपुर। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर के वार्ड एक मौ. बांकेनगर स्थित संकटमोचन श्रीबाला जी घाटा मंदिर पर श्रीहनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ह्यछ्नू ने बताया कि 22 अप्रैल दिन सोमवार को सुबह 8 बजे संगीतमय अखण्ड श्री हनुमान चालीसा पाठ का शुभारम्भ होगा। जिसका समापन 23 अप्रैल दिन मंगलवार को प्रातः 8 बजे आरती के साथ होगा। 23 अप्रैल दिन मंगलवार को प्रातः 8.30 बजे बाबा का स्नान, प्रातः 9 बजे हवन उपरांत सवामनी भोग लगेगा। दोपहर 2 बजे से 5100 ध्वजों के साथ ऐतिहासिक पद ध्वज यात्रा अनाज मण्डी स्थित श्री हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर मुख्यमार्ग, बेरिया रोड, राजीव नगर, रामराज रोड, पहाड़ी कॉलोनी होते हुए मौ. बाँकेनगर स्थित संकटमोचन श्री बाला जी घाटा मंदिर पहुंचेगी। जहां 7 बजे से विशाल भण्डारा होगा व रात्रि 9 बजे से बाबा का भव्य दरबार सजेगा। जिसमें बिजनौर (उ.प्र.) के सुप्रसिध्द भजन गायक प्रहलाद फकीरा, बाजपुर के प्रसिध्द भजन गायक दीपक जलवा व बाजपुर के उभरते भजन गायक मानव जिन्दल बाबा का गुणगान करेगें। भव्य पद ध्वज यात्रा में श्री राम बारात, बाहुबली हनुमान, राधा कृष्ण नृत्य इत्यादि आकर्षक झाकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

पुलिस ने चार लाख की नगदी बरामद की

टिहरी : आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना चंबा पुलिस व एसएसटी टीम ने एक व्यक्ति से चार लाख रुपये से अधिक की नगदी बरामद की। व्यक्ति की ओर से नगदी को लेकर कोई संतोषजनक जवाब न दिए जाने पर पुलिस ने नगदी को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष चंबा एलएस बुटोला ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पुलिस टीम ने मंगलवार को कृष्णा तिराहे चंबा में चेकिंग के दौरान राकेश ममगाई निवासी वीड के बैग से कुल 4 लाख 40 हजार रुपये नगद बरामद किए। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त व्यक्ति से नगदी के संबंध में जानकारी लेने पर व्यक्ति की ओर से मौके पर न कोई संतोषजनक जवाब और न ही कोई प्रामाणिक साक्ष्य उपलब्ध कराया गया।

जसपुर में परंपरागत तरीके से मनाई गई होली

काशीपुर। क्षेत्र में होली परंपरागत तरीके से मनाई गई। लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाया। सोमवार को क्षत्रिय महिला महासभा की डॉ. रेखा चौहान, डॉ कविता, गीता चौहान, ममता प्रधान,रीना ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। वहीं, पुरुषों ने भी मित्रों के साथ जमकर धमाल किया। जो भी मिला उसे रंग डाला। होली गीतों पर विधायक आदेश चौहान आदि ने ठुमके भी लगाये। आचार संहिता के चलते शाम को पुरानी पालिका चौक पर विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉ.शैलेंद्र मोहन सिंघल के टेंट–तंबू नहीं लग सके। लोगों ने निजी भवनों में एक–दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। बिजली विभाग के ईई वीके सक्सेना, संदीप सक्सेना, बार अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, सलीम अहमद, आईएमए अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह, डॉ.धीरेंद्र, राइस मिलर्स एसो. अध्यक्ष मनोज कांबोज, शिक्षक संदीप चौहान, राजाराम राजपूत, सनप्रीत सहोता, सुभाष शर्मा, अवलोक गोयल, राकेश चौहान, नवीन अग्रवाल, राजकुमार सिंह, अशोक चौहान, भुवनेश सिंह, प्रदीप गोयल, सरवन सिद्धू, अवनीश गहलोत, अंकुर गहलोत, धीरेंद्र सिंह, जुम्मा ठेकेदार, रोबी आदि ने भी होली खेली।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com